हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 20.2 डिग्री

गरबा-डांडिया कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब
देर रात तक गीतों पर झूमते रहे लोग
2



## खबर संक्षेप



### वन विभाग में मनाया गया स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा

**जशपुरनगर।** भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के मंशानुरूप पूरे देश में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में जशपुर वनमंडल में वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर वनमंडल के अंतर्गत 34,000 पौधों का रोपण किया गया। साथ ही वनमंडल एवं परिक्षेत्र स्तरीय कार्यालय परिसरों में विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया। पखवाड़े के दौरान विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। जिले के अलग-अलग परिक्षेत्रों में परंपरागत वैद्यों के साथ भ्रमण कर जड़ी-बूटी संरक्षण एवं उनके उपयोग के संबंध में आमजन को जागरूक किया गया।

### सारुडीह में सड़क पर गिरा बूढ़ा पेड़, घंटों ठप रहा यातायात



**जशपुरनगर।** सारुडीह बस्ती के पास पनचक्की रोड मे मंगलवार सुबह कुछ घंटों तक जाम की स्थिति रही। कारण बना एक बूढ़ा और कमजोर पेड़ का बड़ा डंगाल, जो अचानक सड़क पर गिर पड़ा। गनीमत रही कि इस दौरान कोई राहगीर इसकी चपेट में नहीं आया। पेड़ गिरते ही सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लोग और ड्राइवर कुछ देर तक परेशान खड़े रहे। वहीं, आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और डंगाल को काटकर हटाने का काम शुरू किया। स्थानीय निवासी राकेश ने बताया कि यह पेड़ काफी पुराना और कमजोर था।

### आधा दर्जन सड़कों के लिए 13 करोड़ 63 लाख रुपए की मिली मंजूरी, आवागमन की होगी सुगमता

# मुख्यमंत्री ने दी जिलेवासियों को बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार जिले के विकास कार्यों को गति दे रहे हैं। ग्रामीण अंचलों में बेहतर सड़क सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में उन्होंने एक और बड़ी सौगात दी है।जिले में आधा दर्जन से अधिक सड़कों के निर्माण और सुधार के लिए कुल 13 करोड़ 63 लाख रुपए की लागत को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सड़कों के निर्माण से हजारों ग्रामीणों को सीधा लाभ मिलेगा और आवागमन की सुविधा सुगम होगी।



स्वीकृत सड़क फरसाटोली से करवाजोर मार्ग 4 किलोमीटर लंबाई की इस सड़क के लिए 4 करोड़ 30 लाख रुपए स्वीकृत।कांसाबेल के जुमाइकेला बाजारडांड से खेदाटोली मार्ग 2.40 किलोमीटर के लिए लागत 2 करोड़ 53 लाख रुपए, जड़ासर्वा से डूमर टोली मार्ग 2 किलोमीटर के निर्माण के लिए लागत 2 करोड़ 46 लाख रुपए की मंजूरी।बूढ़ाडांड से नवापारा होते हुए सामरबहार मार्ग 2.50 किलोमीटर के निर्माण के लिए लागत 1 करोड़ 97 लाख रुपए।मुड़ेकेला एनएच से मुड़ेकेला गोर्रापारा होते हुए सुरेशपुर मार्ग 1.50 किलोमीटर के लिए लागत 1 करोड़ 62 लाख रुपए, लोकेर की पक्की सड़क से राईडांड मार्ग इस सड़क के लिए 75 लाख रुपए की मंजूरी मिली है।इन सड़कों के निर्माण से न केवल ग्रामीण इलाकों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी बल्कि कृषि उत्पादों की ढुलाई, बच्चों के स्कूल-कॉलेज तक पहुंच और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंचने में भी आसानी होगी। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन सड़कों के निर्माण से लंबे समय से चली आ रही कठिनाइयां दूर होंगी और विकास की नई राह खुलेगी।

### सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 3 करोड़ 38 लाख की मंजूरी
### सिंगीबहार-अबीरा मार्ग का निर्माण कार्य जारी

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत विकासखण्ड फरसाबहार में सिंगीबहार से अबीरा 5.60 किमी तक लम्बी सड़क का सुदृढ़ीकरण, नवीनीकरण कार्य प्रगतिरत है। वर्षा ऋतु के उपरान्त रुका हुआ कार्य फिर से शुरू हो जाएगा। यह मार्ग छत्तीसगढ़ से झारखण्ड एवं ओड़िसा को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बन गई है। सड़क की महत्ता को देखते हुए और लोगों की आवागमन की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की निर्देश पर इस सड़क के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 38 लाख 60 हजार रुपए की स्वीकृति दी गई थी। दो राज्यों को जोड़ने वाली इस सड़क पर यातायात का अत्यधिक दबाव रहता है। व्यापार और आवागम की दृष्टिकोण से भी यह मार्ग महत्वपूर्ण है। एक तरह से यह मार्ग अर्थव्यवस्था की धूरी भी है।

■ झारखंड और ओडिशा को जोड़ने वाली यह सड़क आर्थिक दृष्टि से भी है

### अधोसंरचना विकास को मिल रही गति, बिछ रहा सड़कों का जाल

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जिले में अधोसंरचना विकास के तहत सड़कों का जाल बिछाने के साथ ही उच्च स्तरीय पुलों का निर्माण कराया जा रहा है। इन प्रयासों से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होगी, बल्कि शहरी इलाकों को भी सुगम यातायात सुविधा मिलेगी। इससे विद्यार्थियों, मरीजों, आम नागरिकों, व्यापारियों, ग्रामीणों सहित सभी वर्गों को लाभ होगा।इसके साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी इन क्षेत्रों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने हेतु सड़कों सहित अन्य अधोसंरचना विकास के कार्य भी तेजी से किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री की मंशा है कि आने वाले समय में जशपुर जिला मजबूत सड़क नेटवर्क और आधुनिक यातायात सुविधाओं का आदर्श मॉडल बनकर उभरे, जिससे जिले की अर्थव्यवस्था और विकास को निरंतर गति मिलती रहे।

### ऑपरेशन अंकुश में जशपुर पुलिस की बड़ी सफलता

# गौ तस्करी का फरार कुख्यात आरोपी इमरान गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जशपुरनगर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन अंकुश के तहत जशपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना नारायणपुर क्षेत्रांतर्गत गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे कुख्यात तस्कर इमरान खान उम्र 24 वर्ष को दबोच लिया।

आरोपी को पुलिस ने लोदाम थाना क्षेत्र के ग्राम साईं टांगर टोली से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार 21 सितंबर 2025 को नारायणपुर पुलिस को सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 16 सीपी 8456 में बेरहमी से बांधे गए चार गौ वंशों को ठूंसकर तस्करी ▶▶ शेष पेज 4 पर



### अन्य आरोपी जल्द होगें गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा कि गौ तस्करी के मामले में फरार कुख्यात आरोपी इमरान खान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों को भी चिन्हित कर लिया गया है, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ऑपरेशन अंकुश आगे भी जारी रहेगा।

### आदतन अपराधी है आरोपी

पुलिस रिकॉर्ड में इमरान खान एक आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ लोदाम, दुलदुला और नारायणपुर थानों में पहले भी गौ तस्करी व चोरी के मामले दर्ज हैं। पूर्व में भी उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

### इनकी रही भूमिका

गिरफ्तारी में थाना प्रभारी नारायणपुर उप निरीक्षक राजकुमार कश्यप, प्रधान आरक्षक पुरनचंद पटेल, आरक्षक अशोक कंसारी, प्रदीप भगत व नगर सैनिक वीरेंद्र भगत की अहम भूमिका रही।

### आदतन अपराधी हुआ इमरान,घेराबंदी कर पकड़ा गया आरोपी

पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे धर दबोचा। पूछताछ में उसने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि वह और उसके साथी सूरजपुर से गौ वंश खरीदकर झारखंड ले जा रहे थे, तभी वाहन खराब हो गया और पुलिस को देखकर भाग निकले थे।

# राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण समयसीमा में सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व संबंधी कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण समयसीमा में सुनिश्चित करें।

■ कलेक्टर रोहित व्यास ने राजस्व विभाग की ली समीक्षा बैठक

बैठक में कलेक्टर ने आधार एवं मोबाइल नम्बर अद्यतन, किसान किताब प्रविष्टि, अविवादित नामांतरण, फौती नामांतरण, नक्शा अद्यतन, बटांकन, सीमांकन, ई-नामांतरण, स्वामित्व योजना, अभिलेख दुरुस्त, अभिलेख शुद्धता एवं व्यपर्वतन जैसे मामलों की विस्तृत समीक्षा की । कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी कार्य



नियमों के अनुरूप और तय समय पर पूरा करें। कलेक्टर श्री व्यास ने भू-अर्जन एवं मुआवजा से जुड़े प्रकरणों की भी जानकारी ली और इनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इसके साथ ही डिजिटल हस्तांतरित खसरों की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे शत-प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कलेक्टर श्री व्यास ने आदि कर्मयोगी अभियान को जिले में प्राथमिकता के साथ प्रभावी रूप से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरबीसी 6-4 के प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए मुआवजा वितरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कर प्रभावित परिवारों को सहायता राशि प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। कलेक्टर श्री व्यास ने शांति समिति की बैठकों में सभी पक्षों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने अधिकारियों को जीवन दीप समिति की बैठक आयोजित कर स्वास्थ्य सुविधाओं की समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, सभी विकासखंडों के एसडीएम और तहसीलदार मौजूद थे।

### कलेक्टर ने रणजीता स्टेडियम का किया निरीक्षण

विजयादशमी पर्व के अवसर पर जशपुर में होने वाले दशहरा उत्सव को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने आज रणजीता स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह, सहायक कलेक्टर अनिकेत अशोक, अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू, एसडीएम विश्वास राव मस्के, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जीएस जात्रा, सीएमओ योगेश्वर उपाध्याय तथा बालाजी जन कल्याण समिति के सदस्य सहित अन्य अधिकारी



उपस्थित रहे। रणजीता स्टेडियम में दशहरा के दिन हजारों लोग अपने परिवार के साथ एकत्रित होकर रावण दहन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेते हैं। भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री व्यास ने अधिकारियों को समुचित बैरिकेटिंग, प्रवेश एवं निकासी मार्ग की सुव्यवस्थित व्यवस्था, अग्निशमन दल की तैनाती, आतिशबाजी से सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय तथा मेडिकल टीम की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने साफ-सफाई एवं अन्य व्यस्थाएं करने को कहा।

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

ORA MAKERS
Own your real asset.


Artist's Impression

A NEW ADDRESS OF LUXURY AND LIFESTYLE

New Town
Own it!

Bilaspur's Most Awaited Premium Township of
DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS

SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES

Discover a township that is built to inspire and designed to last. Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.

Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure

Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness

Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active

Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages


Artist's Impression
The balance of luxury architecture with landscaped nature.

Shrine+91 98337 11720

TO AVAIL PRE-LAUNCH OFFER, CALL:

98931 13444/ 98931 28333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

30-Sept- Jash-Coriya-Bhoomi pg-2_Layout 1 9/30/2025 7:48 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मनाया गया स्वस्थ माँ दिवस



**सोनगरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सूरजपुर के निर्देश एवं खंड चिकित्सा अधिकारी प्रतापपुर डॉ अजीत कुमार दीवान के मार्गदर्शन में 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनगरा में स्वस्थ मां दिवस मनाया गया। स्वास्थ्य मां दिवस अंतर्गत संस्था में आए सभी शिशुवती, गर्भवती, वृद्ध महिलाओं व किशोरियों का स्वास्थ्य जांच व नेत्र परीक्षण किया गया। साथ ही महिला स्वास्थ्य के प्रति सलाह व जानकारी दिया गया। संस्था में आए वृद्ध महिलाओं को निःशुल्क चश्मा वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान संस्था प्रभारी मीना राजवाड़े, नेत्र सहायक अधिकारी अमित कुमार सोनी, श्याम राजवाड़े, प्रियंका वर्मा,जयंती तिर्की, सोनिया चौधरी, एमडी राजा, शांति गुप्ता उपस्थित रहे।

### स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत महादेवपुर में लगाया गया स्वास्थ्य शिविर



**रामानुजगंज।** दीन हीन सेवा समिति एवं स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ग्राम महादेवपुर में विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्र के लिए स्वस्थ नारी – सशक्त परिवार अभियान अंतर्गत निःशुल्क चिकित्सा शिविर एवं जनजागरूकता स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम रहे। उन्होंने समिति के समाजसेवी प्रयासों की सराहना करते हुए उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता अपनाने, बीमारियों से बचाव और स्वास्थ्य शिक्षा के महत्व को प्रेरणादायी बताया। दीन हीन सेवा समिति की संचालक श्रीमती मनीषा सिंह लगातार समाज के विभिन्न वर्गों के लिए सेवा कार्य कर रही हैं। विशेष रूप से स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला उत्थान, नशा मुक्ति एवं सामाजिक प्रकल्पों को लेकर सक्रिय हैं। शिविर में सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह, सीईओ जनपद रणवीर साय, डीपीएम एनएचएम स्मृति एक्का, बीएमओ डॉ. महेश गुप्ता, बीपीएम गुलाब डहरिया, कुश गुप्ता, मनोज गुप्ता ने सेवाएं प्रदान कीं। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बलवंत सिंह, जिला पंचायत सभापति मुंशीराम, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष सुनील तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता, जनपद सदस्य राजकुमार पुसाम,सरपंच हरिहर कृपाल कुशवाहा, पुष्पकांत यादव, जितेंद्र यादव, पिंटू रहमान सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### वृद्धाश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का किया गया सम्मान



**सूरजपुर।** रविवार को स्नेह संबंल वृद्धा आश्रम तिलसिवां में वृद्धजनों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आश्रम में निवासरत वरिष्ठ नागरिकों को शॉल एवं अन्य सामग्री प्रदान कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में 10 वरिष्ठ पुरुष एवं 15 महिलाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने वृद्धजनों को समाज का अनुभव-संपन्न धरोहर बताते हुए उनके जीवन संघर्ष और योगदान को प्रेरणास्त्रोत बताया। इस अवसर पर समाज कल्याण अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### शराब पीकर ड्यूटी करने वाला आरक्षक निलंबित

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने अनुशासनहीनता, उदासीनता व स्वेच्छाचारी आचरण को लेकर सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरक्षक को निलंबित कर दिया है। 29 सितंबर को पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक विकास तिग्गा ड्यूटी के दौरान शराब के नशे में मिला। जिस पर रक्षित निरीक्षक द्वारा आरक्षक का डॉक्टरी मुलाहिजा जिला चिकित्सालय में कराया। आरक्षक के मुलाहिजा रिपोर्ट में शराब का पीना पाया गया। रक्षित निरीक्षक द्वारा इस बावत प्रतिवेदन एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर को भेजा। जिस उन्होंने तत्काल प्रभाव से आरक्षक विकास तिग्गा को निलंबित कर रक्षित केन्द्र सम्बद्ध कर दिया है। एसएसपी ने कड़ी चेतावनी दी है कि विभाग में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लापरवाही पर सख्त कार्रवाई होगी वहीं उत्कृष्ट कार्य पर पुरस्कृत किया जाएगा।

### दुकान के सामने से बाइक चोरी, जुर्म दर्ज

**अम्बिकापुर।** मठपारा निवासी राजेन्द्र बहेलिया आ. बिन्दे बहेलिया (35 वर्ष) 27 सितंबर की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 डीए 6353 से अस्पताल रोड स्थित दुकान में किराना सामान लेने गया था। युवक बाइक को दुकान के सामने खड़ा कर सामान लेने चला गया और वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट मणिपुर थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में शामिल हुए महिला व युवा

# गरबा-डांडिया कार्यक्रम में उमड़ा जनसैलाब देर रात तक गीतों पर झूमते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

नवरात्रि पर्व पर इस वर्ष प्रतापपुर में आयोजित गरबा महोत्सव ऐतिहासिक बन गया। मां दुर्गा पूजा समिति बस स्टैंड द्वारा आयोजित गरबा–डांडिया कार्यक्रम में जिस तरह का उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली, वह प्रतापपुर के लिए यादगार बन गया। स्टेडियम ग्राउंड में नगर सहित आसपास क्षेत्र से लोगों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक गरबा नृत्य की धुनों पर लोग झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान रंग-बिरंगे परिधानों में महिलाओं और युवाओं ने जब डांडिया की ताल पर मां अम्बे की स्तुति में कदमताल किया तो पूरा मैदान भक्तिमय हो उठा। नृत्य व संगीत की तालमेल ने वातावरण को मनमोहक बना दिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी वर्गों ने आयोजन का भरपूर आनंद लिया।

**खास बात**

- नगर में भक्तिभाव से किया जा रहा पूजा–अर्चना



गरबा नृत्य में शामिल महिलाएं व युवती।

आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतापपुर में नवरात्रि पर्व को सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाने का उद्देश्य लोगों को धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता से जोड़ना है। गरबा-डांडिया जैसे पारंपरिक नृत्य लोगों को अपनी संस्कृति की ओर आकर्षित करते हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी इस परंपरा को जीवंत बनाए रखते हैं। इधर प्रतापपुर नगर के बस स्टैंड स्थित मां दुर्गा पंडाल में भी सुबह और शाम आरती के समय श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ रहा है। महिलाओं द्वारा सामूहिक भजन-कीर्तन और मां के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो रहा है। प्रतिदिन आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस बार नवरात्रि का आयोजन प्रतापपुर के इतिहास में सबसे भव्य और आकर्षक साबित हुआ है। सामाजिक सहयोग और नगर की एकजुटता ने इस कार्यक्रम को अविस्मरणीय बना दिया। इस दौरान आयोजन समिति में प्रमुख राजेश गुप्ता, अनिल अग्रवाल, अरविंद जायसवाल, अनमोल शर्मा, मुकेश तायल, कमलेश गुप्ता, संजय जायसवाल, नवीन सोनू जायसवाल, अंकित जायसवाल, अमित सोनी, सोनू कश्यप, बुली अग्रवाल, सीबू सिंह, समलेश गुप्ता, सूर्या जायसवाल, अजय, काजू कश्यप, मनीष तायल, शेखर शर्मा, सोनू रजक, शुभम कश्यप, रूपम मित्तल, अरमान शर्मा, अंकित रजक, गोलू जायसवाल, सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।



## नगर में भक्तिभाव से मनाया जा रहा शारदीय नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र की धूम है। जिला मुख्यालय में लगभग विभिन्न चौक चौराहा में आधा दर्शन से ऊपर दुर्गा पंडाल स्थापित की गई है वही मुख्यालय के समीप आसपास के ग्रामों में भी विभिन्न चौक चौराहा पर गली मोहल्ले में दुर्गा पंडाल स्थापना की गई है और मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना की जा रही है।

- निकाली गई कलश यात्रा

शारदीय नवरात्रि के सातवें दिन सभी पंडाल में दुर्गा मां के पाठ खुले और कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विभिन्न पंडालों से कलश यात्रा निकाली गई। लोगों ने चनान और सिन्दूर नदी से जल उठाया और नगर भ्रमण कर पंडाल तक पहुंचे। इसके साथ ही पंडालों में सप्तमी तिथि को विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इसके साथ ही दुर्गा पंडाल के विभिन्न समितियां के द्वारा प्रत्येक पंडाल पर बृहद भंडारे प्रसाद का भी आयोजन किया गया है जिससे लोग बढ़ चढ़कर के ग्रहण कर रहे हैं। विभिन्न समितियां द्वारा गरबा डांडिया नृत्य, अखंड रामायण पाठ, बड़े पर्दे पर रामायण आदि का प्रदर्शन के अलावा कई जगह पर आर्केस्ट्रा नृत्य का भी आयोजन किया जा रहा है। पंडित जितेंद्र तिवारी ने बताया कि इस बार नवरात्रि में चतुर्थी तिथि 2 दिन होने के कारण लोगों को एक दिन अतिरिक्त मां दुर्गा के पूजन का अवसर मिला है इसलिए इस बार नवरात्र पूरे 10 दिन का है। मंगलवार को मां दुर्गा के आठवें स्वरूप महागौरी की पूजा की जाएगी साथ ही दोपहर 1.45 पर संधि पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 1 अक्टूबर को महानवमी की पूजन और हवन के साथ हि मां दुर्गा के 9 रूपों की पूजा संपन्न होगी। 2 अक्टूबर को दोपहर से पहले मुहूर्त अनुसार मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न की जाएगी और दशहरा पूजन संपन्न होगा।

## डांस कुसमी डांस के तहत विजेता प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**कुसमी।** नगर पंचायत अंतर्गत वर्ष 1961 से स्थापित किए गए दुर्गा पूजा समिति द्वारा विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी रजिस्ट्रेशन के माध्यम से क्षेत्र के प्रतिभागी बालक,बालिकाओं को प्रोत्साहित करने एवं उनके कला को निखारने हेतु डांस कुसमी डांस सीजन 8 का आयोजन किया गया है।

इस वर्ष डांस कुसमी डांस सीजन 8 में सीनियर ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु 11 हजार, 7 हजार 1 सौ एवं 5 हजार 1 सौ रुपए का पुरस्कार सांसद चिंतामणि महाराज, द्वारा एवं जूनियर ग्रुप में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 11 हजार, 7 हजार 1 सौ एवं 5 हजार 1 सौ की राशि का पुरस्कार सामरी विधायक उद्धेश्वरी द्वारा तथा सीनियर ग्रुप में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार क्रमशः 7 हजार 1 सौ, 5 हजार 1 सौ एवं 3 हजार 1 सौ की राशि



जिला पंचायत अध्यक्ष हिरामुनी निकुंज द्वारा दिया जा रहा है। वही जूनियर सोलो में प्रथम ,द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार अशोक सोनी जनपद उपाध्यक्ष द्वारा 7 हजार 1 सौ , 5 हजार 1 सौ, 3 हजार 1 सौ रुपए का पुरस्कार देने के साथ साथ इनके डांस गुरु कोरियोग्राफर को प्रथम , द्वितीय,एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को नगर पंचायत उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, जनपद अध्यक्ष बसंती भगत, लक्ष्मण सिंह पैकरा विधायक प्रतिनिधि, अमर गुप्ता पुरस्कृत किया जा रहा है। इस वर्ष में डीकेडी के प्रतिभागी नगर पंचायत एवं विकासखंड के अलग अलग ग्राम पंचायत के साथ सूरजपुर, प्रतापपुर, अंबिकापुर, बिलासपुर के प्रतिभागी बच्चे बढ़ चढ़ कर भाग लिए है। इस वर्ष इस पूरे कार्यक्रम में कुल 60 कार्यक्रम हेतु 109 प्रतिभागी बच्चे भाग लिए है। डीकेडी सांस्कृतिक कार्यक्रम में निर्णायक मंडली में उड़ीसा के 2 लोगों को बुलाया गया है। वही एक कुसमी की महिला प्रीति साय निर्णायक के रूप में भूमिका निभा रहे हैं। डांस कुसमी डांस कार्यक्रम को सभी लोगों द्वारा सराहा जा रहा है। इस वर्ष नगर पंचायत में 4 जगह पर भव्य रूप से दुर्गा पूजा बड़े ही धूमधाम मनाया जा रहा है। कुसमी में मां दुर्गा पूजा समिति दुर्गा चौक, मां समलेश्वरी पूजा समिति सब्जी मंडी, मां शीतला मंदिर, मां भवानी पूजा समिति सामरी रोड, ग्राम पंचायत सबाग, ग्राम पंचायत कमलापुर सहित पूरे विकास खंड में अन्य जगहों पर बड़े ही धूम धाम से मां दुर्गा की पूजा अर्चना की जा रही है। दुर्गा पंडाल दुर्गा चौक में काफी संख्या में आसपास क्षेत्र के लोग रात्रि 7 से 12 बजे रात्रि तक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद उठा रहे है।

### करमा प्रतियोगिता में रामेश्वरम की टीम बनी विजेता

**मानीचौक।** ग्राम पंचायत गेतरा में सामूहिक करमा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में दूर दराज क्षेत्र से करमा नृत्य दल ने भाग लेकर मनमोहक प्रदर्शन किया। ग्राम पंचायत गेतरा में रविवार को सरगुजा के पारंपरिक नृत्य करमा प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता में एक दर्जन से अधिक नर्तक दल शामिल हुए। सती साजन करमा दल रामेश्वरम ने पहला स्थान प्राप्त किया एवं द्वितीय अन्नपूर्णा एवं गंगोटी के टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रतियोगिता अपने नाम किया। कमेटी द्वारा प्रथम पुरस्कार 6 हजार एक सौ रुपए, द्वितीय पुरस्कार पांच हजार एक सौ एवं तृतीय पुरस्कार चार हजार एक सौ एवं प्रतियोगिता में भाग लिए सभी टीमों को तीन हजार पांच सौ रुपए सांत्वना पुरस्कार के रूप में अतिथियों ने देकर सम्मानित किया।



## नगर में पहली बार गरबा नृत्य, लोगों ने बढ़ चढ़कर लिया हिस्सा

**सीतापुर।** नवरात्रि पर्व के अवसर पर लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर में पहली बार हुए रास गरबा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों ने हिस्सा लिया और देवी जसगीतों पर थिरके। बाहर से आये कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों में नगरवासियों ने जमकर गरबा नृत्य किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामकुमार टोप्पो ने नगर में पहली बार आयोजित रास गरबा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि नवरात्रि पर्व के अवसर पर नगर के युवाओं ने शानदार एवं भव्य कार्यक्रम आयोजित किया है। भविष्य में ऐसे आयोजन होते रहे इसके लिए जो भी सहयोग होगी मैं करूंगा। विशिष्ट अतिथि अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन एक मनोरंजन मात्र नही है बल्कि ऐसे



कार्यक्रमों से लोगो को आस्था से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। नवरात्र में लोग शक्ति की भक्ति में लीन है ऐसे अवसर पर इस तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगों में एक नई ऊर्जा और जोश पैदा करता है। इस दौरान कलाकारों द्वारा प्रस्तुत भक्ति गीतों पर विधायक रामकुमार टोप्पो गरबा नृत्य करते नजर आए। देर रात तक चलने वाला रास गरबा कार्यक्रम भक्तिभाव माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

## किराना दुकान में बेचा जा रहा था गांजा आरोपी व्यापारी किया गया गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** लटोरी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चौकी क्षेत्र के महेशपुर स्थित किराना दुकान में छापा मार कार्यवाही कर दुकान में विक्रय के लिए रखा डेढ़ किलो से अधिक अवैध मादक पदार्थ गांजा को बरामद किया है,पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक भैयालाल चौधरी उर्फ लउवा पिता बुद्धु राम को धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश किया है,पुलिस ने बताया कि क्षेत्र के किराना दुकानों में गांजा विक्रय किए जाने की लगातार उन्हें सूचना प्राप्त हो रही थी,तभी मुखबिर की पुख्ता सूचना पर सोमवार को कार्यवाही करते हुए आरोपी किराना दुकान संचालक को मौके पर गांजा विक्रय करते पकड़कर उसके कब्जे 60 हजार रुपये कीमत का 1600 ग्राम गांजा बरामद कर गिरफ्तार कर आज न्यायालय प्रस्तुत किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है, उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, विकास मिश्रा,दिलेश्वर सिंह, शोभनाथ कुशवाहा, सुनील एक्का, कुंद लाल, मनोज सिरदार सहित चौकी के स्टॉफ सक्रिय रहे।

- 60 हजार रुपए कीमत का 1600 ग्राम गांजा किया गया बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत की गई कार्रवाई



## संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों का नगर में पथ संचलन, पुष्पवर्षा से जगह-जगह किया गया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

हम सभी सौभाग्यशाली हैं कि हम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हैं और हम सब मिलकर संघ का शताब्दी वर्ष मना रहे हैं।उक्त विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत सह प्रचारक नारायण नामदेव ने शनि मंदिर प्रांगण में स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कही।

- संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश को प्रान्त सह प्रचारक ने बताया गौरवशाली क्षण




उन्होंने कहा कि भारत माता ने संत-महंत वीर-वीरांगना को जन्म दिया जब-जब इस राष्ट्र पर विध्वंसक कारी शक्तियां बढ़ती हैं मां भारती के कोख से कोई ना कोई महापुरुष जन्म लेता है,इस पवित्र धरा पर मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर विघटन कारी शक्तियों का दमन किया,हम सभी भाषा जीवन पद्धति अलग-अलग प्रांत अलग-अलग समाज के होते हुए भी मां भारती की संतान हैं,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 100 वर्ष जिसमें हमारे पूर्वज स्वयंसेवकों ने अपनी आहुतियां दी,बलिदान दिए तब जाकर संघ का यह विशाल बट वृक्ष आज भारत ही नहीं वरन विश्व का सबसे बड़ा गैर राजनीतिक स्वयंसेवी संगठन तैयार हुआ है।सन 1925 में नागपुर से निकलकर संघ विश्व तक पहुंचा है यहां से निकलने वाले अन्य स्वयंसेवक देश के विभिन्न उच्च पदों पर मां भारती की सेवा कर रहे है और उनके मस्तक को ऊंचा कर रहे हैं,उन्होंने उपस्थित स्वयं सेवकों से कहा कि आप सभी संघ के शाखा में नियमित जाएं क्योंकि संघ का शाखा हमें जीवन पद्धति और जीवन जीने की कला सिखाती है,हमें एक रहने का बोध कराती है जब संघ के ऊपर प्रतिबंध लगा,तब लोगों ने सोचा कि संघ समाप्त हो गया लेकिन संघ वैचारिक रूप से और निखर कर समाज के सामने आया संघ हमें जीवन पद्धति सामाजिक रीति नीति परंपरा को आगे बढ़ाने की सीख देता है,संघ की शाखा से निकलने वाले दांतोपत,अटल बिहारी वाजपेई जैसे महान व्यक्तित्व हुए,और आज डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक समाजसेवी राजनीतिक ऐसा कोई संगठन नहीं जहां पर संघ का स्वयंसेवक स्थापित न हो, कार्यक्रम की अध्यक्षता बिंझिया समाज के संभागीय प्रमुख बूझन राम ने की और संघ की पृष्ठभूमि पर अपने विचार रखते हुए कहा कि संघ समाज का दर्पण है हमें संघ से प्रेरणा लेना चाहिए,राष्ट्रीय स्वयंसेवक का पथ संचलन चोपड़ा कॉलोनी स्थित मिनी स्टेडियम गणेश मंदिर से आरंभ होकर भटगांव रोड होते हुए बस स्टैंड मुख्य बाजार भ्रमण करते हुए अंबेडकर चौक पहुंचा,और वापस बस स्टैंड होते हुए शनि मंदिर अय्यप्पा प्रांगण में समाप्त हुआ,भारत माता की जय घोष के साथ निकले इस भव्य पथ संचलन का विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर पुष्प वर्षा के माध्यम से 25 स्थान पर भव्य स्वागत किया गया,पूर्ण गणवेश के माध्यम से चलने वाले यह अनुशासन बद्ध स्वयंसेवक को देख सबने सराहना की,इस अवसर पर जिला संघ चालक सत्यम गर्ग, विजय शर्मा, संजय भारत, संतोष गुप्ता, राजकिशोर चौधरी, राजेश यादव, सुजीत सिंह, दीपेंद्र सिंह चौहान, रितेश जायसवाल, सतीश तिवारी, दीनानाथ सिंह, भगवान मिश्र, कृष्ण गोयल बल्लू, वीरेश सिंह, महेश जैसवाल रामरतन मित्तल, रवि शंकर, विनय सिंह, महेश गुप्ता शंकर यादव, श्यामू साहू, मनी बग्गा, विवेक जायसवाल, विनोद शाह, मुख्य शिक्षक रवि पांडे,ललित गोयल, मयंक अग्रवाल,ठाकुरराम राजवाड़े सहित वरिष्ठ पुराने स्वयं सेवकों में गोपाल सिंह विद्रोही, कुलवंत सिंह,अनिल मिश्रा, चरणसिंह अग्रवाल, अजय गोयल, मथुरा गुप्ता एवं सैकड़ो की संख्या में स्वयंसेवक बंधु उपस्थित होकर पथ संचलन में शामिल हुए,बाल स्वयंसेवक 7 वर्षीय बालाजी ने भी साढ़े तीन किलोमीटर की भव्य पथ संचलन यात्रा पुरी की जिसे प्रांत से प्रचारक नारायण नामदेव जी ने विशेष रूप से आशीष प्रदान करते हुए प्रतिदिन संघ की शाखा में जाने हेतु प्रेरित किया।



### जो राष्ट्र के काम न आए वह जीवन है बेकार : देवनारायण

**डांड़गांव।** डांड़गांव के स्वयं सेवको द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पूरा होने पर बड़ी संख्या में भव्य पथ संचलन किया। नेशनल हाईवे 130 डांड़गांव से गुमगा तक पथ संचलन हुआ और जय घोष के नारों के आसपास के क्षेत्र गुज उठा। इस अवसर पर जिला सह कार्यवाह देवनारायण यादव ने स्वयं सेवकों को संबोधित कर कहा कि आज संघ को देश सेवा के लिए कार्य करते सौ साल पूरे हुए हैं। जो राष्ट्र के लिए अपना अमूल्य समय जीवन न दे सके वह जीवन बेकार है। हर व्यक्ति को अपने राष्ट्र हित के लिए थोड़ा समय जरूर निकलना चाहिए। संघ राष्ट्र प्रेम और अनुशासन सिखाता है। इसके अलावा व्यक्तित्व निर्माण का कार्य करता है। व्यक्ति कैसे एक दूसरे एंव राष्ट्र के सुख दुख में एवं राष्ट्र को आगे बढ़ाने का काम करता है संघ के पहले संघ संचालक केशव बलि राम हेडगेवार ने भगवा ध्वज को गुरु मानक संघ की स्थापना की थी तो आज इस 100 साल में लाखों स्वयं सेवक संघ से जुड़ कर पूरे विश्व में राष्ट्र हित के लिए काम कर रहे हैं। इस अवसर पर संघ के पदाधिकारी सुखराम यादव, गोरे राम, रामनंद शर्मा ,दीपक अग्रवाल, पवन सांधे ,कोमल चन्द जायसवाल सहित बड़ी संख्या में स्वंय सेवक मौजूद रहे।



# लव कुश की रामलीला में रावण दहन करेंगे बॉबी

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल इस दशहरे पर दिल्ली में लव कुश रामलीला में मौजूद रहेंगे। दशहरा के दिन लाल किला मैदान में वह रावण वध के गवाह बनेंगे। लव कुश रामलीला समिति ने अभिनेता को आधिकारिक तौर पर आमंत्रित किया था। इस निमंत्रण को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। लव कुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया 'जब बॉबी देओल को दशहरे पर आमंत्रण दिया गया तो उन्होंने इसे पूरे उत्साह के साथ स्वीकार कर लिया। समिति का मानना है कि बॉबी देओल का इस ऐतिहासिक मंच पर आना रामलीला को और भी भव्य और यादगार बना देगा।'

## लाइफ Style



# रश्मिका
## तुम मेरे न हुए का टीजर रिलीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। थामा का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

थामा के निर्माताओं ने कुछ दिन पहले फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया था। वहीं, फिल्म का पहला गाना 'तुम मेरे न हुए' का टीजर रिलीज किया है। गाने का टीजर सामने आ चुका है। इसमें रश्मिका मंदाना लाल रंग के आउटफिट में बोल्ड अंदाज में और आयुष्मान खुराना के साथ डांस करती नजर आ रही हैं। यह गाना प्यार और दिल टूटने की कहानी बयान करता है। हाल ही में फिल्म 'थामा' का धांसू ट्रेलर रिलीज किया गया था। जिसमें नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी एक खलनायक यक्षशान के रूप में दिखाई दिए, जो सदियों से एक गुफा में फंसा है। आयुष्मान के किरदार आलोक को अपने शरीर में अजीब बदलाव दिखते हैं, जैसे वैम्पायर जैसे दांत और स्टील जैसा शरीर। रश्मिका का किरदार ताड़का, आलोक के साथ जटिल रिश्ता रखता है और कहता है कि उनका रिश्ता नहीं चल सकता क्योंकि वह अलग दुनिया से है। आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की थामा 2025 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। यह मैडॉक की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा है, जिसमें स्त्री, स्त्री 2, मुंजा और भेड़िया जैसी फिल्में शामिल हैं। थामा का निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है। इसमें परेश रावल भी अहम भूमिका में हैं। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## हॉलीवुड मसाला



# एक साथ देख सकते हैं पुराने सीजन

**लॉस एंजिल्स।** 'स्ट्रेंजर थिंग्स' अपने अंतिम अध्याय की ओर बढ़ रही है। इस सीरीज के दीवाने इसके पांचवे सीजन का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जिसका बीते बुधवार को ट्रेलर भी रिलीज हुआ, जिसनें फैंस के बीच इसकी चर्चा बढ़ गई है। इसके साथ ही फिनाले से पहले दर्शक 'स्ट्रेंजर थिंग्स' के सभी पुराने सीजन का आनंद ले सकते हैं। जारी हुए आखिरी सीजन के ट्रेलर में हॉकिन्स को अपसाइड डाउन द्वारा टुकड़े-टुकड़े होते हुए दिखाया गया है, जो पहली बार पूरे शहर को सीधे खतरे में डालता है।



# विकेड : फॉर गुड का फाइनल ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** ओज की धरती, जादू और अमर दोस्ती के फैंस के लिए इंतजार अब खत्म हो गया है! यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया (वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी द्वारा वितरित) ने विकेडः फॉर गुड का अंतिम ट्रेलर आधिकारिक रूप से जारी कर दिया है। ट्रेलर में शानदार दृश्य, ऊंचे दांव वाला ड्रामा और वे संगीत क्षण शामिल हैं, जो हर प्रशंसक को रोमांचित कर देंगे। विकिडः फॉर गुड21 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. खबरों की मानें तो फिल्म का बजट 146 करोड़ के आसपास बताया गया है। कुडन्ट बी हैपियर की गूंज से लेकर नो गुड डीड गोज़ अनपनिश्ड की भावुक पुकार तक, हर फ्रेम ओज की धरती में एक गहरा जादुई और इमोशनल सफर को दर्शाता है, जो इस कहानी के दिल से जुड़ा हुआ है। इस फिल्म में एल्फ़ाबा, जिसे अब 'विकिड विच ऑफ द वेस्ट' के नाम से जाना जाता है।



# आठ साल बाद बॉलीवुड में कर रहीं वापसी

**मुंबई।** फुकरे और फुकरे 2 एक्ट्रेस प्रिया आनंद बरसों बाद एक साइबर क्राइम थ्रिलर सीरीज से बॉलीवुड में कमबैक कर रही हैं। इस साइबर क्राइम थ्रिलर का ट्रेलर लॉन्च हो गया है। टीवी शो महाभारत में धृतराष्ट्र बने ठाकुर अनुप सिंह और रोहित रॉय लीड और अहम रोल में हैं। इस साइबर क्राइम थ्रिलर मूवी का नाम कंट्रोल है। यह फिल्म असली घटनाओं और बढ़ते डिजिटल फ्रॉड से इंस्पायर है। ट्रेलर की काफी इंटरेस्टिंग दिख रहा है। साइबर क्राइम के साथ-साथ दमदार एक्शन भी देखने को मिल रहा है। कंट्रोल के ट्रेलर में देखा जा सकता है कि ठाकुर अनुप सिंह यहां एक आर्मी ऑफिसर की भूमिका में नज़र आ रहे हैं, जबकि रोहित रॉय पहली बार एक विलेन के रूप में दमदार अंदाज में दिखाई देंगे. प्रिया आनंद भी साइबर क्राइम के अगेंस्ट लड़ते दिखाई देती हैं।




# इमरान ने आवारापन-2 की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेता इमरान हाशमी की मच अवेटेड फिल्म आवारापन 2 की शूटिंग शुरू हो गई है। 'आवारापन' के लगभग 18 साल बाद अब मेकर्स इसका सीक्वल लेकर आ रहे हैं। मेकर्स और इमरान हाशमी ने फिल्म के मुहूर्त शॉट की एक तस्वीर साझा कर इस बात की जानकारी दी है। नितिन कक्कड़ द्वारा निर्देशित और बिलाल सिद्दीकी द्वारा लिखित 'आवारापन 2' का निर्माण विशेष भट्ट द्वारा विशेष फिल्म्स के तहत किया जा रहा है। पहला शूटिंग शेड्यूल फिलहाल बैंकॉक में चल रहा है। इमरान हाशमी और निर्माता विशेष भट्ट ने फिल्म के अगले पार्ट को लेकर अपना उत्साह जाहिर किया। अब मेकर्स ने फिल्म की शूटिंग शुरू होने की भी जानकारी साझा की है। आवारापन साल 2007 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को मोहित सूरी ने डायरेक्ट किया था।

## टीवी मसाला



# सीरीज जानवर के थ्रिलर सस्पेंस ने चौंकाया

**नई दिल्ली।** सीरीज जानवर शुरू होती है तो एक सामान्य पुलिस ड्रामा लगती है, जिसमें एक मर्डर मिस्ट्री को सॉल्व किया जा रहा है। लेकिन, जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, यह सीरीज चौंकाने लगती है। सीरीज देखने के बाद कई लोगों ने ट्विटर पर इसे लेकर रिव्यू शेयर किए हैं। जानिए, क्यों खास लगी यह सीरीज सोशल मीडिया यूजर्स को। सीरीज जानवर को लेकर एक यूजर लिखता है, यह सीरीज शुरुआत आम पुलिस ड्रामा नजर आती है। लेकिन, आखिर मोड़ पर एक गहरा सबक दे जाती है। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, इस सीरीज ने मुझे वाकई हैरान कर दिया। अपराध, जातिगत मुद्दे और पौराणिक कथाओं को एक साथ बड़ी सहजता से बुना गया है। हर मोड़ पर सीरीज हमें सोचने के लिए मजबूर करती है। सीरीज में पुलिस ऑफिसर हेमंत कुमार का रोल भुवन अरोड़ा ने किया है। अभिनेता की एक्टिंग से यूजर्स इंप्रेस नजर आए। एक यूजर ने ट्विटर पर पोस्ट किया 'मैंने अभी-अभी जनावर सीरीज खत्म की है। यह कोई सामान्य थ्रिलर नहीं है। अपराध, जातिगत राजनीति और पौराणिक कथाएं, सबका मिक्स है। पुलिस ऑफिसर हेमंत कुमार से जुड़ाव महसूस होता है। सीरीज का ट्विस्ट पूरी तरह से बांधे रखता है। और क्लाइमैक्स के बारे में अभी भी सोच रहा हूं। एक अन्य यूजर ने कमेंट किया, 'सीरीज कुछ हिस्सों में लड़खड़ा जाती है। लेकिन भुवन अरोड़ा ने इस क्राइम-थ्रिलर को अपने अभिनय के साथ आगे बढ़ाया है।

# बिग बॉस से आवेज का पत्ता हुआ साफ

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 का हालिया वीकेंड का वार दर्शकों के लिए ढेर सारे सरप्राइज लेकर आया। जहां एक तरफ सलमान खान ने अपनी एनर्जी और डांस से सबको झूमने पर मजबूर कर दिया, वहीं इस



हफ्ते एविक्शन की तलवार आवेज दरबार पर गिरी। शो से उनका सफर यहीं खत्म हो गया, और घरवालों के साथ-साथ फैंस भी उन्हें जाते देख भावुक हो उठे। इस हफ्ते नॉमिनेशन में पांच नाम शामिल थे- गौरव खन्ना, मृदुल तिवारी, अशनूर कौर, प्रणित मोरे और आवेज दरबार। दर्शकों से कम वोट मिलने के कारण आवेज को घर छोड़ना पड़ा। उनके बाहर जाते ही माहौल इमोशनल हो गया। खासकर नेहल चूड़ासमा, अभिषेक बजाज और प्रणित मोरे खुद को रोक नहीं पाए और फूट-फूटकर रो पड़े। अभिषेक बजाज ने कहा कि उन्होंने आवेज को कई बार चेताया था कि गेम में थोड़ा और दम दिखाए, लेकिन आवेज का अंदाज़ अलग ही रहा। आवेज दरबार के बेघर होते ही सोशल मीडिया पर मेकर्स के इस फैसले के खिलाफ कई सवाल उठाए गए।

# इन 10 फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार
# दो का 2 अक्टूबर को होगा क्लैश

**मुंबई।** आनेवाले महीनों में कई शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं। हम आपको आईएमडीबी के मुताबिक, टॉप 10 उन फिल्मों का नाम बता रहे हैं जिनका फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस लिस्ट में विवेक ओबेरॉय की एक फिल्म और वरुण धवन की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी भी शामिल है।



***कांतारा अ लेजेंड चैप्टर 1:*** लिस्ट में पहले नंबर पर कांतारा अ लेजेंड चैप्टर 1 है। इस फिल्म के पेज पर 25.5 पर्सेंट व्यूज हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म को रिषभ शेट्टी ने डायरेक्ट किया है।

***मस्ती 4 :*** लिस्ट में दूसरे नंबर पर मिलाप जावेरी की फिल्म मस्ती 4 है। इस फिल्म में विवेक ओबेरॉय, अरशद वारसी, रितेश देशमुख और तुषार कपूर जैसे एक्टर्स नजर आ सकते हैं। इस फिल्म के पेज पर 24.5 पर्सेंट व्यूज हैं। फिल्म 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

***एक दीवाने की दीवानियत :*** लिस्ट में तीसरे नंबर पर हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म एक दीवाने की दीवानियत है। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के पेज पर 11.6 पर्सेंट व्यूज हैं।

***सालार 2 :*** लिस्ट में चौथे नंबर पर प्रभास की फिल्म सालार 2 है। फिल्म 14 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीजल होगी। इस फिल्म के पेज पर 9.3 पर्सेंट व्यूज हैं।

***सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी:*** लिस्ट में 5वें नंबर पर वरुण धवन, रोहित सराफ, जाह्नवी कपूर और सान्या मल्होत्रा की फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी है। इस फिल्म के पेज पर 7.1 पर्सेंट व्यूज हैं। फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

***थामा:*** लिस्ट में छठे नंबर पर आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना और परेश रावल की फिल्म थामा है। फिल्म के पेज पर 7 पर्सेंट व्यूज हैं। ये फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

***रोई रोई बिनाले:*** लिस्ट में 7वें नंबर पर दिवंगत सिंगर जुबीन गर्ग की फिल्म रोई रोई बिनाले है। यह एक आसामी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। बता दें, जुबीन का पिछले महीने एक वॉटर एक्सिडेंट की वजह से निधन हो गया। जुबीन की ये फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी।

***इडली कढ़ाई :*** लिस्ट में 8वें नंबर पर तमिल भाषा की ड्रामा फिल्म इडली कढ़ाई है। फिल्म में एक्टिंग के साथ-साथ धनुष ने ये फिल्म उन्होंने डायरेक्ट भी की है। ये फिल्म 1 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

***आन पावम पोलाथाथु और ड्यूड :*** लिस्ट में 8वें नंबर पर तमिल कॉमेडी-एंटरटेनर फिल्म आन पावम पोलाथाथु है। फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी। वहीं, 10वें नंबर पर तमिल भाषा की रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म ड्यूड है। फिल्म 17 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नवरात्रि की जलसा में धूम
# अमिताभ ने फैंस को बांटे डांडिया



**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन अपने फैंस से जुड़े रहने का तरीका खूब जानते हैं। हर रविवार की तरह इस बार भी उन्होंने मुंबई स्थित अपने बंगले जलसा के बाहर मौजूद भीड़ का दिल जीत लिया। लेकिन, इस बार नजारा थोड़ा हटकर रहा। नवरात्रि के मौके पर बिग बी ने फैंस को सिर्फ अपने दीदार ही नहीं कराए, बल्कि उपहार के तौर पर डांडिया स्टिक भी बांटे। सोशल मीडिया पर बिग बी का यह अंदाज अब खूब वायरल हो रहा है। रविवार को जब अमिताभ बच्चन सफेद कुर्ता-पायजामा और जैकेट पहने बाहर आए, तो हजारों की भीड़ ने उनका स्वागत किया। बिग बी ने हाथ हिलाकर फैंस को आशीर्वाद दिया और फिर एक-एक कर गिफ्ट बांटना शुरू किया। जहां कुछ लोगों को डांडिया स्टिक मिली, वहीं कई ने बिग बी की तस्वीर और वीडियो से ही खुद को संतुष्ट किया। नवरात्रि के माहौल में यह तोहफा हर किसी को खास लगा।


## श्रीनारायण ने किया था डायरेक्शन, 300 करोड़ की कमाई के साथ जीते 11 अवॉर्ड

# साढ़े 4 साल रिजेक्ट होती रही स्क्रिप्ट, इस हीरो ने हाथ जोड़ मांगी फिल्म

**नई दिल्ली।** कई बार फिल्मों की कहानियां ऐसी होती हैं, जिनमें एक्टर्स काम करने की दिलचस्प नहीं दिखाते। ऐसी ही एक मूवी 8 साल पहले रिलीज हुई थी, जिसमें कोई भी काम नहीं करना चाहता था। मगर, एक हीरो ने हाथ जोड़कर फिल्म मांगी और फिर उसमें काम किया है। उस फिल्म का नाम है 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा'। साल 2017 में 'टॉयलेट: एक प्रेम कथा' फिल्म रिलीज हुई थी। इसमें अक्षय कुमार लीड रोल में थे. वहीं, भूमि पेडनेकर उनके अपोजिट नजर आई थीं. अनुपम खेर, दिव्येंदु शर्मा, सचिन खेडकर और राजेश शर्मा जैसे सितारे भी फिल्म का हिस्सा थे। इस मूवी का डायरेक्शन श्रीनारायण सिंह ने किया था।

### ग्रामीण इलाकों में शौचालयों की समस्याओं को करती है उजागर

इस फिल्म की कहानी ग्रामीण इलाकों में शौचालयों की जरूरत और उसकी कमी से होने वाली समस्याओं उजागर करती है। इसके साथ ही मूवी में एक लव स्टोरी के जरिए इसे रोचक तरीके से बताया गया है। केशव (अक्षय कुमार) एक ऐसे गांव में रहता है जहां शौचालय की कमी के कारण महिलाएं खुले में शौच के लिए जाती हैं। इस बीच केशव की शादी पढ़ी-लिखी लड़की जया (भूमि पेडनेकर) से हो जाती है। शादी के बाद जब जया को पता चलता है कि केशव के घर में शौचालय नहीं है तो उनके बीच मनमुटाव शुरू हो जाता है। केशव को यह एहसास होता है कि उसके घर में शौचायल होना चाहिए. घर में नहीं, बल्कि पूरे गांव में होना चाहिए।



### बॉक्स ऑफिस पर साबित हुई सुपरहिट

ट्रेड वेबसाइट सैकनिल्क के अनुसार, अक्षय कुमार और भूमि पेडनेकर की 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' की मेकिंग पर 18 करोड़ रुपए खर्च हुए थे. भारत में मूवी ने 186.42 करोड रुपए का ग्रोस कलेक्शन किया था। वर्ल्डवाइड कमाई 316.97 करोड़ रुपये हुई थी। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस ना सिर्फ सुपरहिट साबित हुई, बल्कि लगभग 1 दर्जन अवॉर्ड भी जीत लिए थे। आईएमडीबी के मुताबिक, 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' ने 11 अवॉर्ड अपने नाम कर लिए थे. इन दिनो यह फिल्म जी5 पर अवेलेबल है। आईएमडीबी पर मूवी को 10 में से 7.2 रेटिंग मिली है।

### सच्ची कहानी पर बनी है फिल्म

आपको जानकर हैरानी होगी कि 'टॉयलेटः एक प्रेम कथा' में कोई भी हीरो काम नहीं करना चाहता था। यह खुलासा खुद अक्षय कुमार ने किया था। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, 'इस फिल्म की स्क्रिप्ट इंडस्ट्री में तकरीबन साढ़े 4 साल तक घूमती रही। कई हीरो के पास गई थी, लेकिन कोई इसमें काम नहीं करना चाहता था। अक्षय कुमार ने आगे कहा, 'मुझे यह मूवी अच्छी लगी, बल्कि मैंने हाथ जोड़कर नीरज पांडे से फिल्म मांगी और कहा कि मैं इसमें काम करना चाहता हूं। मैंने फिल्म की। इस मूवी का नाम शुरुआत संडासः एक प्रेम कथा थी। फिर इसे बदलकर टॉयलेटः एक प्रेम कथा की गई है। यह सच्ची कहानी पर फिल्म बनी है।

